प्रभात खबर

लाखों रुपये के नकली कॉस्मेटिक व मेडिसिन बरामद

मानपुर. मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भुसुंडा देवी स्थान के समीप किराये के मकान से लाखों रुपये मूल्य के नकली कॉस्मेटिक व दवाइयां बरामद की गयीं. टीम के लीडर मोहम्मद मस्तफा ने बताया कि नकली कॉस्मेटिक समान व दवाइयां स्थानीय स्तर पर शहर में सप्लाई की जाती थीं. गुप्त सूचना पर छापेमारी अभियान चलाया गया. इसमें लगभग 10 से 15 लाख मूल्य के नकली कॉस्मेटिक समान व दवाइयां बरामद हुई हैं. उन्होंने बताया कि गया शहर के जीबी रोड के रहने वाले अमित कुमार व उसके एक सहयोगी धंधा से जुड़े हैं. पिछले आठ-10 माह से भुसुंडा के रहने वाले एक विश्वकर्मा के मकान में किरायेदार बनकर रह रहे हैं. वहां से नकली दवा, कफ सिरफ, डिटोल, हिमालया साबुन व फेश वा◌ॅश, दर्द नाशक नकली दवा, जानवर को देने वाले नकली मिनरल मिक्चर, झंडू बाम समेत अन्य तरह की दवाइयों को ब्रांड प्रोटेक्शन की टीम ने बरामद किया है. इसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 10 से 15 लाख रुपये तक है. पटना, गया, आरा व बक्सर से जुड़ा तार इधर, ब्रांड प्रोटेक्शन टीम लीडर मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि गया जिले के लगभग सभी ग्रामीण इलाकों के बाजारों में नकली कॉस्मेटिक समान व दवाइयों की खपत की जाती है. इस तरह के कारोबार करने वाले लोगों का तार (सिंडिकेट) पटना, आरा, बक्सर, नालंदा, औरंगाबाद, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, छपरा, भागलपुर सहित बिहार के बड़े-छोटे शहरों से जुड़ा है. इसका तार पड़ोसी राज्य झारखंड से भी जुड़ा है. क्या कहते हैं थानाध्यक्ष थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि नकली दवा सप्लाई करने वाले धंधेबाजों के खिलाफ कड़ी धारा लागू होनी चाहिए थी. कानून में संशोधन की जरूरत है. इस छापेमारी टीम में पटना से आये मोहम्मद मजार अहमद, मोहम्मद सादूल्लाह, अंजनी कुमार समेत अन्य शामिल थे.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/gaya/fake-cosmetics-and-medicines-worth-lakhs-of-rupees-recovered